**SET-4**

**Series GBM**

कोड नं.
Code No. **69**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **25** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **7** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **25** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# गृह विज्ञान (सैद्धान्तिक)

# HOME SCIENCE (Theory)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* — *अधिकतम अंक : 70*

*Time allowed : 3 hours* — *Maximum Marks : 70*

*सामान्य निर्देश :*

*(i)* ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल* ***25*** *प्रश्न हैं ।*

*(iii)* *प्रश्न-संख्या* ***1 – 6*** *तक* ***एक*** *अंक के प्रश्न हैं, जिनके उत्तर* ***एक या दो*** *लाइन में दीजिए ।*

*(iv)* *प्रश्न-संख्या* ***7 – 13*** *तक* ***दो*** *अंकों के प्रश्न हैं, जिनके उत्तर* ***10 – 20*** *शब्दों में दीजिए ।*

*(v)* *प्रश्न-संख्या* ***14 – 15*** *तक* ***तीन*** *अंकों के प्रश्न हैं, जिनके उत्तर* ***20 – 30*** *शब्दों में दीजिए ।*

*(vi)* *प्रश्न-संख्या* ***16 – 21*** *तक* ***चार*** *अंकों के प्रश्न हैं, जिनके उत्तर* ***40*** *शब्दों में दीजिए ।*

*(vii)* *प्रश्न-संख्या* ***22 – 25*** *तक* ***पाँच*** *अंकों के प्रश्न हैं, जिनके उत्तर* ***50 – 60*** *शब्दों में दीजिए ।*

*(viii)* *जहाँ आवश्यक हो उपयुक्त उदाहरणों सहित अपने उत्तरों की पुष्टि कीजिए ।*

***General Instructions :***

*(i)* ***All*** *questions are compulsory.*

*(ii)* *There are total* ***25*** *questions.*

*(iii)* *Questions no.* ***1 – 6*** *are for* ***1*** *mark, to be answered in* ***one or two*** *lines.*

*(iv)* *Questions no.* ***7 – 13*** *are of* ***2*** *marks, to be answered in* ***10 – 20*** *words.*

*(v)* *Questions no.* ***14 – 15*** *are of* ***3*** *marks, to be answered in* ***20 – 30*** *words.*

*(vi)* *Questions no.* ***16 – 21*** *are of* ***4*** *marks, to be answered in* ***40*** *words.*

*(vii)* *Questions no.* ***22 – 25*** *are of* ***5*** *marks, to be answered in* ***50 – 60*** *words.*

*(viii)* *Support your answers with suitable examples wherever required.*

**1.** सोयाबीन का तेल व दूध का पाउडर ख़रीदते समय, एफ.एस.एस.ए.आई. के अतिरिक्त, आपको कौन-से मानक चिह्न की जाँच करनी चाहिए ? *1*

Other than FSSAI, which standard mark should you check while buying soyabean oil and milk powder ?

**2.** एम.जी.एन.आर.ई.जी.ए. के अन्तर्गत ग्राम पंचायत की कोई दो ज़िम्मेदारियों को सूचीबद्ध कीजिए । *1*

List any two responsibilities of the Gram Panchayat under MGNREGA.

**3.** आई.सी.डी.एस. (ICDS) केन्द्र के कर्मचारी को गर्भवती महिलाओं के लिए आयरन (लौह) व कैल्शियम की संशोधित दैनिक आवश्यकताओं से अवगत कराइए । *1*

Inform the staff at the ICDS centre about the changes in daily needs of iron and calcium for pregnant women.

**4.** ऊनी स्वेटर के लेबल पर उसकी गुणवत्ता व शुद्धता दर्शाने का चिह्न बनाइए । *1*

Draw a symbol which indicates on the label, the quality and purity of a woollen sweater.

**5.** एक पोशाक के देखभाल लेबल पर टम्बल ड्राई करने एवं ब्लीच न करने के निर्देश दर्शाने के लिए एक-एक उपयुक्त चिह्न बनाइए । *1*

Draw suitable symbols for the care label of a dress to indicate that it should be tumble dried and not be bleached.

**6.** पोशाक की कटाई कपड़े की लम्बाई (selvedge) के साथ-साथ नहीं हुई है, इसका पता आपको किन दो संकेतों से चलता है ? *1*

Mention any two indicators by which you will know the dress has not been cut along the selvedge.

**7.** चार कारण बताते हुए लिखिए कि कपड़े धोने की मशीन को आप इंटरनेट द्वारा क्यों नहीं ख़रीदना चाहते हैं । *2*

Write four reasons as to why you do not want to buy a washing machine through the Internet.

**8.** बाल विकास में निपुणता प्राप्त करके श्रीमती जैन ने एक नर्सरी स्कूल खोला जिसकी आमदनी बहुत कम है । उसकी निपुणता को ध्यान में रखते हुए चार ऐसे सुझाव प्रस्तुत कीजिए जिनको अमल (कार्यान्वयन) में लाकर वह अपना कारोबार तथा अपनी आय में वृद्धि कर सकती है । *2*

After studying child development, Mrs. Jain started a nursery school, which is not doing well. Acquaint her with four ideas from her own expertise, implementation of which can help her extend her business and thus income.

**9.** सेवानिवृत्त होने के पश्चात् श्रीमान् गुप्ता अब अपने परिवार के साथ घर पर ही रहते हैं । अकसर वह परिवार में सबसे नाराज़ रहते हैं । उनके क्रोध के दो कारण क्या हो सकते हैं ? इस संवेग को नियंत्रण में रखने के दो सुझाव दीजिए । *2*

After retirement, Mr. Gupta is now staying at home with his family. He often gets angry with everybody in the family. What could be the two reasons for his anger ? Suggest two ways by which he can control this emotion.

**10.** भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफ.एस.एस.ए.आई.) ने किन दो संभव स्थितियों में सरसों के तेल को मिलावटी घोषित कर दुकानदार पर जुर्माना लगाया होगा ? ऐसे तेल के सेवन से स्वास्थ्य पर होने वाले दो कुप्रभावों को सूचीबद्ध कीजिए । *2*

What could be the two possible conditions under which the Food Safety and Standard Authority of India (FSSAI) imposes fine on a shopkeeper selling mustard oil after declaring the oil as adulterated ? List two health hazards of consuming such oils.

**11.** कपड़े में उत्तम गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए, आपने उसके प्रसिद्ध ब्रांड व एक प्रसिद्ध दुकान का चुनाव तो कर लिया परन्तु इसी संदर्भ में आप ख़रीदे जाने वाले कपड़े के किन चार गुणों की जाँच करेंगे ? *2*

Other than buying fabric from a reputed shop and of a reputed brand, what four features would you check in the fabric, to ensure its good quality ?

**12.** आप एक छ: वर्षीय लड़के के लिए पोशाक का डिज़ाइन बना रहे हैं । आप चाहते हैं कि पोशाक बच्चे के लिए आरामदेह हो और वह स्वयं इसे पहन और उतार सके । इस पोशाक की उन चार विशेषताओं की सूची बनाइए जो उपर्युक्त उद्देश्यों की पूर्ति सुनिश्चित करेंगी । *2*

You are designing a dress for a six-year-old boy. You want that it should be comfortable and the child can wear and remove it himself. List four features of this dress which will ensure fulfilment of the above mentioned objectives.

**13.** उबालने के पश्चात् भी पीने के पानी को असुरक्षित घोषित किया गया है । इसके चार संभव कारण क्या हो सकते हैं ? *2*

In spite of boiling, the drinking water was declared unsafe. What could be the four possible reasons for this ?

**14.** सोलह वर्षीय गरिमा का दोस्त गुनीश उसकी इच्छा के विरुद्ध उससे अवैध यौन संबंध बनाना चाहता है । यदि आप गरिमा होतीं, तो आप अपने दोस्त को किन चार तरह से इनकार करतीं ? अपने इनकार करने के दो कारण बताइए । *3*

Sixteen-year-old Garima's friend Gunish wants to get physically intimate with her, against her wishes. If you were Garima, in what four ways would you have refused him ? Give two reasons for your refusal.

**15.** सुनील को अपनी मासिक आय को बढ़ाने के दो उपाय सुझाइए और अपने मासिक खर्च का लेखा रखने के लिए प्रेरित कीजिए । उसे अपने मासिक खर्च का लेखा रखने के उपयुक्त प्रारूप का सुझाव भी दीजिए । *3*

Suggest Sunil two ways of increasing his monthly income and convince him to record his monthly expenses. Suggest a suitable format for monthly record of his expenses.

**16.** उपभोक्ताओं की ऐसी कौन-सी आठ संभावित ग़लतियाँ हैं जिनके कारण वह उपभोक्ता अदालत में अपनी शिकायत दर्ज नहीं करा पाते ? *4*

Identify eight possible mistakes consumers make which may prevent them from filing a complaint in the consumer court.

**17.** ऐसी आठ महत्त्वपूर्ण बातें बताइए जिन्हें आप अपने रसोईघर को साफ़-सुथरा रखने के लिए ध्यान में रखेंगे । *4*

Present eight important points you will keep in mind for maintaining hygiene in your kitchen.

**18.** बीस वर्षीय मीता को घर से दूर एक अन्य शहर में नई नौकरी मिली है । व्यवसाय व घर से संबंधित उसकी दो-दो नई ज़िम्मेदारियों के विषय में विस्तार से बताइए । पहली बार इस नई परिस्थिति का सामना करने के लिए मीता को क्या-क्या तैयारी करनी होगी ? *4*

Twenty-year-old Meeta got a new job away from home in another town. Detail out two new responsibilities each that she has to take regarding her career and home. Also, state the preparation she would require to face this new situation.

**19.** रेहाना अपने पति व बच्चों के साथ गोवा में रहती है । ऐसे में उसके द्वारा किए गए खाद्य पदार्थों के चयन को प्रभावित करने वाले कोई चार कारकों को संक्षेप में समझाइए । चार कारण बताकर उसे अपने परिवार के लिए आहार आयोजन करने के लिए भी प्रेरित कीजिए । *4*

Rehana lives in Goa with her husband and children. Briefly explain any four factors which would influence her selection of foods. Convince her with four reasons to plan the meals for her family.

**20.** "उपभोक्ताओं की दो मुख्य समस्याएँ उत्पादों की गुणवत्ता व उनके मूल्यों से संबंधित हैं ।" इस कथन की पुष्टि चार-चार उदाहरणों की सहायता से कीजिए । *4*

"Two major problems faced by consumers are regarding quality and prices of the products." Elaborate this statement with the help of any four examples each.

**21.** अलमारी से तीन माह के पश्चात् अपनी पोशाक निकालने पर रीना को उसमें छिद्र व धब्बे दिखाई दिए । उसे बहुत हैरानी हुई क्योंकि उसने तो पोशाक का संग्रह करने से पूर्व उसके धब्बे निकाल दिए थे । पोशाक को हुई इस हानि के आठ संभव कारणों को विस्तृत रूप से समझाइए । *4*

After three months, when Reena took out her dress from the storage she found patches and holes in it. She was surprised to see the damage because she had removed the stains before storing it. Explain in detail eight probable reasons that might have caused this damage.

**22.** मासिक आय योजना (एम.आई.एस.) एवं राष्ट्रीय बचत पत्र (एन.एस.सी.) की कोई पाँच विशेषताओं की तुलना कीजिए । *5*

Compare any five features of Monthly Income Scheme (MIS) and National Savings Certificate (NSC).

**23.** किशोरियों में आए किन्हीं पाँच भावात्मक परिवर्तनों से अवगत कराइए । उनके व्यक्तित्व पर इन परिवर्तनों का क्या प्रभाव पड़ता है ? *5*

Identify any five emotional changes happening in adolescent girls. How do these changes influence their personality ?

**24.** एक परिवार को दोपहर के भोजन में मूँग दाल, उबले हुए चावल, आलू व गाजर की सब्ज़ी और चपाती परोसी गई है । एक स्तनपान कराने वाली माता की आवश्यकताओं के लिए इस भोजन की उपयुक्तता का मूल्यांकन कीजिए तथा बताइए कि मधुमेह से पीड़ित सदस्य के लिए यह भोजन कहाँ तक उपयुक्त है । अपने उत्तर की पुष्टि उपयुक्त कारण बताकर कीजिए । *5*

A family has been served moong dal, boiled rice, potato and carrot bhajia and chapati for lunch. Evaluate the adequacy of this meal to suit the requirements of a lactating mother and the suitability for a member suffering from diabetes. Support your answer with adequate reasons.

**25.** ऊषा एक कामकाजी महिला के लिए साड़ी व ब्लाऊज़ का डिज़ाइन बनाना चाहती है । इस पोशाक के डिज़ाइन में उसे डिज़ाइन के सभी सिद्धान्तों को प्रयोग करने का तरीका समझाइए । जहाँ आवश्यक हो, चित्रों का प्रयोग कीजिए । *5*

Usha wants to design a sari and a blouse for a working woman. Explain how she can use all the principles of design in designing this dress. Use illustrations wherever needed.